प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नयी दिल्ली में नीति आयोग की नौंवी शासी परिषद की बैठक हो रही है। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर विचार–विमर्श किया जा रहा है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं।

****

राष्ट्रपति भवन राष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपतियों को विभिन्न् अवसरों पर मिले चुनिन्दा उपहारों की ऑनलाइन नीलामी ई–उपहार पोर्टल के माध्यम से करेगा। इस पोर्टल की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने के अवसर पर किया था।

****

आकाशवाणी रांची आज अपना 67 वां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 1957 में पहली बार आकाशवाणी रांची से प्रसारण की शुरुआत हुई थी। स्थापना दिवस पर केन्द्र प्रमुख डीसी हेम्ब्रम, उपनिदेशक आनंद प्रकाश सिंह, सहायक निदेशक सह कार्यक्रम प्रमुख गौरव शिखर राय और समाचार प्रमुख कृष्ण कुमार लाल ने श्रोताओं, सहकर्मियों और आकाशवाणी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी है।

****

रांची में अग्निवीरों की भर्ती रैली आज से शुरु हो गयी है। यह भर्ती रैली आठ अगस्त तक चलेगी। इसमें झारखंड के सभी जिलों के शार्ट लिस्ट अग्निवीर उम्मीदवारों के अलावा जूनियर कमीशन अफसर–धार्मिक शिक्षक के लिए बिहार और झारखंड के शार्ट लिस्ट पुरुष उम्मीदवारों का चयन होना है। कर्नल विकास भोला ने भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अभ्यार्थियों से दलालों से सावधान रहने की सलाह दी है।

****

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान और सदस्य बरकत अली ने संयुक्त रूप से कोडरमा जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष ने बताया कि आयोग का उद्देश्य है कि झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणा के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे।

****

देवघर के उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने श्रावणी मेला के मद्देनजर बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम की टीम को पूरे क्षेत्र में चौबीस घंटे सफाई व्यवस्था बहाल रखने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने दुकानदारों को दुकानों के आगे डस्टबीन रखने के भी निर्देश दिये।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले के चांडिल अनुमंडल के घोड़ानेगी पंचायत अंतर्गत बोराबिंदा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है दोनों चांडिल डैम के केज कल्चर में मछली पालन का काम करते थे।

****

भारत माला परियोजना के अंतर्गत बन रही वाराणसी–कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना चतरा जिले से भी होकर गुजरेगी।

****

रामगढ़ जिले में चौकीदार बहाली के लिए लिखित परीक्षा कल अपराह्न एक बजे से दो बजे तक होगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जिले के उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस

अधीक्षक अजय कुमार ने केन्द्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, गश्ती और उड़नदस्ता दलों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालित कराने का निर्देश दिया। इधर हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार स्थापना समिति की बैठक हुई । बैठक में चौकीदारों के कुल एक सौ चौरानबे रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए विज्ञापन के प्रकाशन पर चर्चा की गई।

*******समाप्त********